मीरजापुर पुलिस
—प्रेस नोट—

दिनांकः02.02.2025

थाना मड़िहान पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से सम्बन्धित ₹ 15000/- का इनामियां वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद —

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान, इनामियां, जिलाबदर, वारण्टी व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है।

थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 03.09.2024 को वादी हरेराम शुक्ला पुत्र चिन्तामणी शुक्ला निवासी चौकठा गौरा थाना मेजा जनपद प्रयागराज (कार्यालय सहायक- मड़िहान रेंज वन विभाग) द्वारा अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध रेंज कार्यालय वन विभाग का ताला तोड़कर 24 अदद बैटरी चोरी कर ले जाने सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मड़िहान पर मु0अ0सं0-171/2024 धारा 305(e) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। जिसमें दिनांकः05.09.2024 को थाना मड़िहान पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पिकअप में लदी 24 अदद चोरी की बैटरी को बरामद किया जा चुका है।

अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना मड़िहान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना मड़िहान पर पंजीकृत मु0अ0सं0-171/2024 धारा 305(e),317(2) बीएनएस में पतारसी-सुरागरसी एवं अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही तथा फरार चल रहे इनामियां अभियुक्त की गिरफ्तारी के क्रम में आज दिनांकः02.02.2025 को थाना मड़िहान पुलिस द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर रैकरा गांव से ₹ 15000/- के इनामियां वांछित अभियुक्त- राजा उर्फ रिंकू धरिकार पुत्र नन्दलाल निवासी परसौना थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। थाना मड़िहान पुलिस द्वारा गिरफ्तार इनामियां अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

नाम पता गिरफ्तार इनामियां अभियुक्त —

राजा उर्फ रिंकू धरिकार पुत्र नन्दलाल निवासी परसौना थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-22 वर्ष।

विवरण बरामदगी—

01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस।

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-31/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।

आपराधिक इतिहास —

1.मु0अ0सं0-171/2024 धारा 305(e),317(2) बीएनएस थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।
2.मु0अ0सं0-133/2017 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना घोरावल जनपद सोनभद्र।
3.मु0अ0सं0-640/2021 धारा 380,411 भादवि थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।
4.मु0अ0सं0-223/2022 धारा 380,411,457 भादवि थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।
5.मु0अ0सं0-234/2022 धारा 380,411 भादवि थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।
6.मु0अ0सं0-277/2022 धारा 380,411,457 भादवि थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।
7.मु0अ0सं0-658/2022 धारा 3(1)उ0प्र0गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप(निवारण)अधिनियम थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।
8.मु0अ0सं0-304/2023 धारा 174-ए भादवि थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय —

रैकरा गांव से, आज दिनांकः02.02.2025 को समय 12.40 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप-निरीक्षक भारत सुमन चौकी प्रभारी पटेहरा थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।
उप-निरीक्षक बाली मौर्या थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।